on the drugs or on the label affixed to the container thereof. Contravention of the Rule is a punishable offence under Section 18(a) (vi) of the Drugs and Cosmetics Act.

Supply of Drinking Water in Sector 'D' of D. I. Z. Area in Delhi

1711. SHRI AMAR NATH CHAWLA : Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state

(a) whether drinking water to the residents of newly built sector 'D' in D I Z Area is supplied during restricted hours, if so, the period for which the drinking water is supplied to them ,

(b) whether on many occasions, even this restricted supply is also curtailed and the residents have to face great inconvenience and

(c) the steps taken by Government to ensure regular supply of drinking water round the clock to the residents of the area and the time by which it would be possible to make such arrangements ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING (SHRI I K GUJRAL) (a) Yes, Sir Drinking water is supplied for about 9 hours every day, subject to availability from the water mains of the N D M C

(b) No, Sir

(c) Supply of water by the N D M C is restricted and therefore, it is not possible to ensure 24 hour water-supply However, steps are being taken to improve the existing water-supply

केन्द्रीय नसबन्दी योजना

1712. **डा० संकटा प्रसाद** : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय नसबन्दी योजना देश मे चालू हो गई है; और

(ख) यदि हां, तो किन-किन राज्यों मे यह योजना लागू की गई है और राज्यवार अब तक कितने लोगो की नसबन्दी की जा चुकी है ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में राज्यमंत्री (प्रो० डी० पी० चट्टोपाध्याय) : (क) और (ख) परिवार के आकार को सीमित रखने के एक साधन के रूप मे नसबन्दी का प्रचार 1956 से सरकारी परिवार नियोजन कार्यक्रम के एक अग के रूप मे किया जा रहा है। इसमे नसबन्दी और बन्ध्यकरण दोनो सम्मिलित है। नसबन्दी कार्यक्रम सभी राज्यो और सघ शासित क्षेत्रो मे क्रियान्वित किया गया है। 1956 से फरवरी 1972 तक जिन पुरुषो और स्त्रियो ने नसबन्दी करवाई है उनके राज्य-वार आकडो का एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है। [**ग्रन्थालय में रखा गया। देखिए** सख्या Lt-1619/72]

दिल्ली दुग्ध योजना द्वारा दूध की अपर्याप्त सप्लाई

1713 **डा० संकटा प्रसाद** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली दुग्ध योजना दिल्ली के नागरिकों की दूध की आवश्यकता को पूर्ण करने मे असमर्थ है, और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण है और दूध की इस कमी को समाप्त करने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

कृषि मन्त्रालय में राज्य मंत्री (प्रो० शेर सिंह) : (क) दिल्ली मे दूध की प्रतिदिन 7,00,000 लिटर की कुल अनुमानित माग की तुलना मे दिल्ली दुग्ध योजना प्रतिदिन 2,80,000 से 2,90,000 लिटर के बीच दूध की सप्लाई कर रही है।

(ख) इस समय डेरी संयत्र की सचालन क्षमता प्रतिदिन लगभग 3,00,000 लिटर दूध